मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-221
30/05/2022

राज्यसभा चुनाव के लिए जदयू प्रत्याशी श्री खीरू महतो के नामांकन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 30 मई, 2022 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार विधानसभा सचिव के कार्यालय में राज्यसभा चुनाव के लिए जदयू प्रत्याशी श्री खीरू महतो के नामांकन में शामिल हुए।

नामांकन के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एन0डी0ए0 प्रत्याशी श्री खीरु महतो का नामांकन हो गया है। एन0डी0ए0 के बाकी प्रत्याशियों का नामांकन प्रोसेस में है। यह खुशी की बात है कि नामांकन के अवसर पर इतने सारे एन0डी0ए0 के नेता उपस्थित हैं।

श्री आर0सी0पी0 सिंह को लेकर पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सब लोगों से विचार विमर्श के बाद ही जदयू के उम्मीदवार की घोषणा की गई। श्री आर0सी0पी0 सिंह ने भी आज अपनी बात कही है। पार्टी के अध्यक्ष ने भी कल अपनी बात कही है। पार्टी में किसी भी चीज को लेकर कोई मतभेद नहीं है। हमलोगों की इच्छा हुई कि झारखंड के अपने पुराने साथी को इस बार राज्यसभा भेजें। हमलोगों ने सोचा कि बगल के राज्य के साथी को भी एक मौका देना जरुरी है। यही सब सोच कर जदयू ने श्री खीरु महतो को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। इसको लेकर किसी को भी ऐतराज नहीं है, सभी को खुशी है। श्री आर0सी0पी0 सिंह ने खुद भी अपनी बात कहते हुए इस पर ऐतराज नहीं जताया है। उनको पार्टी ने शुरु से काफी अवसर दिया है। जब वे आई0ए0एस0 अफसर थे तब भी वे मेरे साथ थे। राज्यसभा गये तब भी साथ ही थे। पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी उन्हें बनाया गया। अभी वे केंद्र सरकार में मंत्री हैं। सभी लोग पार्टी में एक साथ हैं। इस बार पार्टी ने निर्णय लिया कि पुराने साथी को एक मौका दिया जाये।

राज्यसभा का सदस्य नहीं रहने पर केंद्रीय मंत्रिमंडल से श्री आर0सी0पी0 सिंह के इस्तीफा देने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी राज्यसभा के सदस्य के रुप में श्री आर0सी0पी0 सिंह का कार्यकाल बाकी है। यह चुनाव समय से पहले हो रहा है। जब तक उनका राज्यसभा का कार्यकाल है तब तक तो वे मंत्री बने ही रह सकते हैं, तुरंत इस्तीफा देने का क्या मतलब है?

पार्टी में श्री आर0सी0पी0 सिंह की भूमिका के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी में उनकी भूमिका है ही। पार्टी में सभी लोगों को जिम्मेवारी मिलती रही है।

केंद्र सरकार में जदयू की ओर से किसी और को मंत्री बनाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब आगे की चीज है। अभी की चीज नहीं है। किसी चीज को मांगने की जरुरत नहीं है। समय आने पर ये सब चीजें क्लियर हो जायेंगी।

नामांकन के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय जायसवाल, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा सहित बिहार सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

******